NEW YORK STATE | Department of Environmental Conservation

*जानकारी कहाँ से प्राप्त करें*

*DECINfo लोकेटर https://www.dec.ny.gov/data/DecDocs/C224311/ के माध्यम से, एवं इन स्थानों पर, परियोजना दस्तावेजों तक पहुँच प्राप्त करें:*

***Brooklyn Public Library (ब्रुकलिन पब्लिक लाइब्रेरी) – Borough Park Library (बरो पार्क लाइब्रेरी)****
*1265 43rd Street*
*Brooklyn, NY 11219*
*फोन: 718-437-4085*

***Brooklyn Community Board No. 12 (ब्रुकलिन कम्युनिटी बोर्ड नंबर 12)***
*5910 13th Ave*
*Brooklyn, NY 11219*
*फोन: 718-437-4085*

*(*COVID-19 हेतु सावधानियों के कारण संग्रह स्थान अस्थायी रूप से अनुपलब्ध हो सकते हैं। यदि आप ऑनलाइन DECINfo लोकेटर तक नहीं पहुँच पाएँ, तो कृपया सहायता के लिए नीचे सूचीबद्ध NYSDEC परियोजना प्रबंधक से संपर्क करें।)*

***किनसे संपर्क करें***

*हम टिप्पणियों और प्रश्नों का स्वागत है और उन्हें निम्नानुसार भेजा जाना चाहिए:*

**परियोजना संबंधित प्रश्न**
Steve Walsh (स्टीव वाल्श), Project Manager (परियोजना प्रबंधक)
NYSDEC
625 Broadway
Albany, NY 12233
फोन: 518-402-9824
ईमेल: steven.walsh@dec.ny.gov

***परियोजना से संबंधित स्वास्थ्य संबंधित प्रश्न***
Runey Ghosh (रुनी घोष)
NYSDOH
Empire State Plaza
Corning Tower, Room 1787
Albany, NY 12237
फोन: 518-402-7860
ईमेल: beei@health.ny.gov

न्यूयॉर्क के ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएँ:
www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

# तथ्य पत्रक

ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम

1440-1460 39th Street

1440-1460 39th Street
Brooklyn, NY 11218

साइट नं. C224311
NYSDEC क्षेत्र

जनवरी 2021

## प्रस्तावित अंतरिम उपचारात्मक उपाय

न्यूयॉर्क राज्य पर्यावरण संरक्षण विभाग (New York State Department of Environmental Conservation, NYSDEC), न्यूयॉर्क स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ (New York State Department of Health, NYSDOH) के परामर्श से, 1440-1460 39th Street, Brooklyn, NY स्थित 1440-1460 39th Street साइट ("साइट") पर संदूषण की सफाई क्रियाकलाप की शीघ्र गतिविधियों का प्रस्ताव कर रहा है। साइट के स्थान के लिए कृपया नक्शा देखें। NYSDEC एक सार्वजनिक टिप्पणी अवधि का आयोजन इसलिए कर रहा है क्योंकि यह अंतरिम उपचारात्मक उपाय (Interim Remedial Measure, IRM) साइट के सफाई अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्से होने की संभावना है। सफाई क्रियाकलाप की शीघ्र गतिविधियाँ मार्च 2021 में शुरू होने और लगभग 3 महीने चलने की उम्मीद है। यह गतिविधियाँ NYSDEC के द्वारा प्रदान किए गए निरीक्षण के तहत SnL XXII, LLC ("आवेदक") द्वारा की जाएँगी।

**टिप्पणी कैसे की जाए:**NYSDEC 27 जनवरी से लेकर 26 फरवरी 2021 तक, 30 दिनों के लिए प्रस्तावित परियोजना के बारे में लिखित टिप्पणियाँ स्वीकार कर रहा है।

- DECINfo लोकेटर के माध्यम से ड्राफ्ट IRM कार्य योजना और परियोजना के अन्य दस्तावेजों तक ऑनलाइन पहुँच प्राप्त करें:
- https://www.dec.ny.gov/data/DecDocs/C224311/
- दस्तावेज़ बाईं ओर पर स्थित "जानकारी कहाँ से प्राप्त करें" के नीचे इंगित किए गए स्थानों पर भी उपलब्ध हैं।
- कृपया टिप्पणियाँ बाईं ओर स्थित "किनसे संपर्क करें" क्षेत्र में परियोजना संबंधित प्रश्नों के नीचे सूचीबद्ध NYSDEC परियोजना प्रबंधक को भेजें।

**ड्राफ्ट अंतरिम उपचारात्मक उपाय (IRM) कार्य योजना:** IRM एक सफाई क्रियाकलाप है जिसे संदूषण के किसी स्रोत या संपर्क मार्ग (जिस से कोई व्यक्ति संदूषण से संपर्क में आ सकता है) का व्यापक जांच और मूल्यांकन के बिना प्रभावी रूप से समाधान किया जा सकता है।

**ड्राफ्ट IRM कार्य योजना प्रस्तावित सफाई क्रियाकलाप का वर्णन करता है जिसमें शामिल हैं:**

- सात भूमिगत भंडारण टैंक (Underground Storage Tanks, UST) को हटाना;
- अप्रतिबंधित उपयोग सफाई स्तर को प्राप्त करने के लिए साइट के अधिकांश भाग में सतह के लगभग 14 फीट नीचे तक दूषित मिट्टी का उत्खनन करना और साइट से दूर निपटान करना;
- भूमि में हस्तक्षेप करने वाली सभी गतिविधियों के दौरान एक स्वास्थ्य और सुरक्षा योजना (Health and Safety Plan, HASP) और सामुदायिक वायु निगरानी योजना (Community Air Monitoring Plan, CAMP) को लागू करना।

**साइट का वर्णन:** 0.57 एकड़ की यह साइट उत्तर में 39 वीं स्ट्रीट, दक्षिण में आवासीय संपत्तियों और पूर्व और पश्चिम में वाणिज्यिक संपत्तियों और गोदामों द्वारा सीमाबद्ध है। यह वर्तमान में खाली है और निर्माण स्लैब और पत्थर के फ़र्श के साथ ढकी हुई है। इससे पूर्व, यह साइट गैरेज और वाहन की मरम्मत की सुविधा के रूप में उपयोग की गई थी। साइट का चार मंजिला स्व-भंडारण सुविधा के रूप में पुनर्विकास किए जाने की योजना है।

पर्यावरण और स्वास्थ्य मूल्यांकन सारांश सहित, साइट का अतिरिक्त विवरण NYSDEC के पर्यावरण-संबंधी साइट उपचार डेटाबेस (Environmental Site Remediation Database) (साइट आईडी, C224311 प्रविष्ट करने पर) पर उपलब्ध हैं:
https://www.dec.ny.gov/cfmx/extapps/derexternal/index.cfm?pageid=3

**जाँच का सारांश:** साइट पर चिंता के प्राथमिक संदूपक पेट्रोलियम संबंधित अर्ध-वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (semi-volatile organic compounds, SVOC) हैं, जो पूरी साइट में जमीन में सतह से लगभग 4 फीट नीचे तक मिट्टी में मौजूद हैं, और धातुएँ जो पूरी साइट में जमीन में सतह से लगभग 14 फीट नीचे तक मिट्टी में मौजूद हैं।

**अगले चरण:** NYSDEC सार्वजनिक टिप्पणियों पर विचार करेगा, योजना को आवश्यकतानुसार संशोधित करेगा, और NYSDOH के परामर्श से IRM कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान करेगा। स्वीकृत कार्य योजना, जनता को उपलब्ध कराई जाएगी (मुख्य पृष्ट पर "जानकारी कहाँ से प्राप्त करें" देखें)।

जब संदूषण की सफाई क्रियाकलाप की शीघ्र गतिविधियाँ पूरा हो जाएँगी, तो एक निर्माण समापन रिपोर्ट तैयार की जाएगी जो की गई गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करेगी।

NYSDEC साइट की जाँच एवं सफाई क्रियाकलाप के दौरान जनता को सूचित रखेगा।

**ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम:** न्यूयॉर्क का ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम (Brownfield Cleanup Program, BCP) "ब्राउनफील्ड" नामक संदूषित संपतियों के स्वैच्छिक सफाई को प्रोत्साहित करता है ताकि उन्हें पुन:उपयोग और पुनर्विकास किया जा सके। इन उपयोगों में मनोरंजन, आवास, व्यवसाय या अन्य उपयोग शामिल हो सकते हैं। एक ब्राउनफील्ड साइट कोई भी स्थावर संपदा है जहाँ कोई संदूपक मिट्टी की सफाई के उद्देश्यों या अन्य स्वास्थ्य-आधारित या पर्यावरण-संबंधित मानकों , NYSDEC द्वारा अपनाए गए मानदंड या मार्गदर्शन जो संपत्ति के यथोचित प्रत्याशित उपयोग के आधार पर लागू नियमों के अनुरूप लागू होते हैं, से अधिक स्तर पर मौजूद है।

BCP के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ:
https://www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

***हम आपको इस तथ्य पत्रक को अपने पड़ोसियों और किरायेदारों के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, और/या इस तथ्य पत्र को दूसरों के देखने के लिए अपनी इमारत के एक प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें।***

**DEC Delivers द्वारा अवगत रहें**

ईमेल द्वारा साइट अपडेट प्राप्त करने के लिए साइन अप करें:
www.dec.ny.gov/chemical/61092.html

नोट: यदि आपने पहले ही इलेक्ट्रॉनिक रूप से साइन उप किया है और तथ्य पत्रक प्राप्त कर लिया है तो कृपया नज़रअंदाज़ करें।

**DECINfo लोकेटर**

# ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम

**साइट का स्थान**

